खड्डुंयाच्या उभ्या छेदाचे 0ते 30,30 ते 60,60ते 90,90ते120 से.मी. असे भाग पाडावेत व त्यानंतर प्रत्येक भागातून सारख्या जाडीचा मातीचा थर (साधारणतः अर्धा किलो) स्वच्द घमेल्यामध्ये कुदळीच्या सहायाने जमा करावा व कापडाच्या पिशवीवर नमुन्याची खोली उदा. 0ते 30, 30 ते 60 से.मी. असे नमूने करावे. जर चुनखडीचा किंवा कठीण मातीचा थर आढळल्यास त्याच्या खोलीची व जाडीची नोद करून त्या थराचा नमुना वेगळा घ्यावा.हे नमुने प्रयोगशाळेमध्ये पाठविण्यापूर्वी पिशवीत शेतकन्याचे नाव, शेत सर्वे क्रंमाक, नमुन्याची खोली इत्यादी माहितीची चिट्ठी टाकावी. अशा प्रकारे प्रत्येक खड्डुयातून मातीचे वेगवेगळे नमुने जमा करावेत.

खंताच्या वापराबाबत महात्वाचे मुद्दे :

खते विकत घेतांना दर किलो पोषक द्रव्याला काय किंमत पडते ते पाहणे आवष्यक आहे. ज्या खतात हा खर्च कमी येईल ते विकत घेणे आर्थिक–ष्टया फायद्याचे ठरेल. चुनखडी असलेल्या जमिनीत अमोनियम सल्फेट किंवा युरिया जमिनीच्या पृष्ठभागावर दिल्यास बराचसा नत्र हवेत उडून जातो, म्हणून ही अथवा इतर नत्रयुक्त खते जमिनीत टाकल्यास ती मातीत मिसळावीत. पाऊस सुरू असताना युरियाऐवजी अमोनियम सल्फेट देणे अधिक फायदेशीर ठरते.अति पावसाच्या प्रदेशात, हलक्या जमिनीत, पाण्यात तसेच चिबड जमिनीत व धानाच्या पिकाला नायट्रेट खते देऊ नयेत. आम्ल जमिनीसोडून इतर जमिनीत, पाण्यात विद्राव्य असलेली स्फुरदयुक्त स्वस्त खते द्यावी. आम्ल जमिनीत पाण्यात अद्राव्य असलेली स्फुरदयुक्त स्वस्त खते दिली तरी चालतात.

खते बियाण्यासोबत मिसळून पेरल्यास बियाण्याला उपाय होण्याची शक्यता असते, म्हणून ती बियाखाली व बियाण्याचा बाजूला 5 से.मी. खोल पेरून द्यावी. बी उगावर नंतर त्याची मुळे खतापर्यंत पोहोचतात व खतातील अन्नद्रव्यांचे शोषण करतात. नत्रयुक्त खते एकदाच न देता अर्धी मात्रा पेरताना व उरलेली अर्धी मात्रा वरखत नंतर पेरणीनंतर एक किंवा दोन हप्त्यात विभागून शिफारसीप्रमाणे द्यावी. वरखते पिकाच्या ओळीमधून अथवा रोपरभोवती द्यावी.

खते कोरडी राहण्यासाठी जमिनीपासून व भिंतीपासून 30 से. मी. दूर ठेवावी.वेगवेगळी पोषक द्रव्ये पुरविणारी खते वेगवेगळी ठेवावी.

माती परीक्षण करून शिफासीप्रमाणे पिकांना एकात्मिक अन्नद्रव्ये व्यवस्थापन पध्दतीनुसार खतांचा पुरठवा करावा. शिफारस केलेली शेणखतांची मात्रा, रासायनिक खतांची मात्रा आणि जैविक खते इत्यादींचा एकात्मिक वापर करणे गरजेचे आहे.

अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व में पाये जाने वाले औषधीय पौधे, उनकी उपयोगिता एवं संरक्षण: भाग एक

डॉ. रूबी शर्मा*, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा एवं डॉ. एन. रॉयचौधुरी

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

*पूर्व महिला वैज्ञानिक 'बी', अचानकमार-अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व के अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की परियोजना, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

पादपों के औद्योगिक व व्यवसायिक उपयोग के अतिरिक्त जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग ग्रामीण व आदिवासी समुदाय इन्हें अनेकों रुप में उपयोग में लाया करते हैं। ये भोजन, देषी व परंपरागत् दवाओं, चारा, ईधन व अन्य घरेलू आवष्यकताओं में भी इनका उपयोग करते हैं। इन्हें रंगाई, डाई, टेनिन, रेषे, गोंद व रेजिन के लिये भी काम में लाया जाता है। इसके अलावा ये उत्पाद का बड़े पैमाने पर एकत्रीकरण भी आय के स्त्रोत में बढ़ोतरी का जरिया है।

इन अकाष्ठ वनोपज का बड़ा हिस्सा औषधीय पादपों का है जा कि दुनिया भर में लगभग सभी स्थानीय समुदायों द्वारा प्रयोग किये जाते है।भारत में एक अनुमान के अनुसार 7500 से भी अधिक पादप प्रजातियों का उपयोग लगभग 4637 प्राचीन समुदायों द्वारा विभिन्न उद्देष्यों के लिए किया जाता है।

औषधीय पादप उत्पादों का उपयोग बहुत सारी ओद्योगिक इकाईयों द्वारा किया जाता है। जैसे पादप आधारित दवा कंपनी स्वास्थ उत्पादों की कंपनी व पारंपरिक दवाएँ बनाने वाली ईकाईयाँ आदि। इनमें में औषधीय पौधों की मांग काफी अधिक है अतः इसका पादप प्रजातियों के व्यापार पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा। जरुरत इस बात की है कि स्त्रोतों की पहचान कर उनका सही दोहन कर मांग की सही तरीकों से पूर्ति की जाये।

एक अनुमान के अनुसार लगभग 10,000 पादप प्रजातियों का उपयोग दवाओं के रुप में होता है जिसमें अधिकांश का उपयोग पारंपरिक दवाओं के रुप में ही किया जाता है ।

औषधीय पौधे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ सुरक्षा प्रदान करने के लिए काफी महत्वपूर्ण है । विश्व स्वास्थ संगठन के अनुमान के अनुसार आज भी विभिन्न विकासशील देशों के 80 प्रतिशत लोग अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरुरतों के लिए इन्हीं पर निर्भर करते हैं । अतः 4-5 सौ लाख लोगों का स्वास्थ्य आज भी इसी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर निर्भर करता है ।

आज इस जैव विविधता पर आश्रित ग्रामीण समुदाय एक बहुत ही गंभीर समस्या से जूझ रहा है । वह है प्राकृतिक आवासों का तेजी से घटता क्षेत्र व औषधीय पादपों का जरुरत से ज्यादा अंधाधुंध उपयोग । यह ग्रामीण लोगों की

आजीविका के लिये खतरा है तथा पादपों के अस्तित्व के लिए भी खतरे की घंटी है।

इसके अलावा संस्कृति ह्रास के कारणों की जानकारी भी बढ़ाने की जरुरत है। भिन्न-भिन्न संस्कृति के प्राचीन आदिवासी समुदायों ने मूलभूत रुप से प्रकृति की इस देन के उपयोगों की अपनी-अपनी पद्धतियाँ विकसित की हैं। इनके आंकड़ा कोष (डाटाबेस) बनाने की जरुरत है जिससे इस बात का अध्ययन का कार्य क्षेत्र (स्कोप) रहे कि क्या चिकित्सा की पारंपरिक पद्धति आपकी आधुनिक चिकित्सा पद्धति के रुप में व्यक्त की जा सकती है।

उपरोक्त कथन का निष्कर्ष यह लगाया जा सकता है कि औषधीय पौधों का उनकी जैव सांस्कृतिक क्षेत्र में संरक्षण करना न केवल जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यन्त जरुरी है बल्कि यह उस क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण के लिए भी जरुरी है। इसके प्रयास के साथ हमारी सभ्यता व जन स्वास्थ्य पर होने वाले लाभकारी प्रभावों की जानकारी जनसामान्य तक पहुचाने की भी जरुरत है।

औषधीय पौधों की पूर्ति मुख्यतः दो स्त्रोतों द्वारा पूरी होती है। पहला जंगलों से संकलित पादप उत्पाद व दूसरा औषधीय पादपों की कृषि द्वारा प्राप्त उत्पाद। हमारे देश में कम से कम 55 प्रतिशत औषधीय पादप का संकलन गलत व विध्वंशकारी तरीकों से ही किया जाता है।

जैव विविधता ह्रास के कारकों में प्रमुख्र आवास का विनाश (Habitat destruction), वनों का विनाश (Deforestation), अत्यधिक दोहन (Over harvesting), अत्यधिक चराई (Over grazing), जंगलों में आग (Forest fires), झूम खेती (Shifting cultivation) है।

वर्तमान में कई प्रजातियों की मांग की पूर्ति जंगलों से करना असंभव हो गया है। असंतुलित व अवैज्ञानिक विदोहन से बहुत बहुमूल्य प्रजातियाँ अपने प्राकृतिक आवास से विलुप्त हो गयी है तथा इनको सिर्फ औषधीय रोपणियों में ही संरक्षित किया जा सका है। इन परिस्थितियों के रहते औषधीय पौधों के प्राकृतिक आवासों का संरक्षण, पौधों का संरक्षण व विषम परिस्थितियों में इनके प्रवर्धन भागों का संरक्षण इस क्षेत्र के वैज्ञानिकों एवं संस्थानों के उद्देश्य में सर्वोपरि हो गया है।

अचानकमार - अमरकंटक बायोस्फ्यिर रिजर्व में अभी तक कुल 1527 पादप प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है जिनमें लगभग पेड़ पौधों का औषधीय प्रयोग भी अभिलेखित (रिकार्ड) किया गया है। चूँकि यह जीवमंडल कई तरह के जंगल तथा प्राकृतिक आवासों जैसे साल वन, मिश्रित वन, बाँस वन, पहाड़ी क्षेत्र, घाटी क्षेत्र नदी नालों के किनारे, वृक्षारोपण क्षेत्र, चारागाह, आदि पाये जाते है, इसलिए यहाँ पादपों में बहुत विविधता देखी गयी है। इस जैव विविधता का संरक्षण तभी किया जा सकेगा, जब हम इनकी पहचान कर सकेंगे। इसके अलावा यहाँ निवास करने वाले स्थानीय आदिवासी समुदायों में प्राथमिक प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के

उद्देश्य से पहली कड़ी में यहाँ 30 पौधो का प्रचलित नाम, कुल, वैज्ञानिक नाम, उपयोगी भाग व उपयोग दर्शाया गया है।

1. प्रचलित नामः पलाश, ढाक, टेसू

कुलः- फैबेसी

वैज्ञानिक नामः ब्यूटिया मोनोस्पर्मा

उपयोगी भागः पते, छाल, फूल, बीज आदि

उपयोगः यह कफवात रोगों में प्रयुक्त होता है। मूत्रावरोध में फूलों का तथा चर्म व नेत्र रोगों में बीज के लेप का प्रयोग किया जाता है। बिच्छू के काटने पर बीच घिसकर लगाया जाता है। इसके पत्तों का उपयोग दोना-पत्तल बनाने व लाख के कीड़ों के पालन में किया जाता है।

2.प्रचलित नामः अमलतास

कुलः लेग्युमिनोसी

वैज्ञानिक नामः केसिया फिस्टुला

उपयोगी भागः फूल, बीज, फल व छाल

उपयोगः यह एक अच्छी रेचक औषधि है। श्वास व कफ विकारें में इसका प्रयोग किया जाता है। यह नकसीर, पेट के कीड़ें, अंडवृद्धि आदि में लाभदायक है।

3.प्रचलित नामः बहेड़ा

कुलः काम्ब्रेटेसी

वैज्ञानिक नामः टर्मिनेलिया बैलेरिका

उपयोगी भागः फल

उपयोगः यह त्रिफला का एक घटक है। यह उदर शोधक व स्वरेचक होता है। इसके फलों का लेप व बीजों का तेल शोध व बंदनायुक्त विकार में किया जाता है। अतिसार व पेचिस में फल प्रयोग किया जाता है।

4.प्रचलित नामः हर्रा

कुलः कॉम्ब्रटेसी

वैज्ञानिक नामः टर्मीनेलिया चेब्यूला

उपयोग भागः फल

उपयोगः यह त्रिफला का एक घटक है व यह विषम ज्वर, पेट के सभी विकारें में बल प्रदान करने में व नेत्र रोगों में लाभकारी पाया गया है।

कफ, वमन, हिचकी, बल, रक्तपित्त, मुख के घावों, श्वासरोग चर्मरोग, गर्भाषय, दौर्बल्य आदि में लाभकारी पाया गया है।

5.प्रचलित नामः आंवला

कुलः यूफोर्बियेसी

वैज्ञानिक नामः फाईलेंथस एम्बिलका

उपयोग भागः फल, बीज

उपयोगः रक्त स्त्राव, मधुमेह, प्रमेह, खाज-खुजली, अतिसार में लाभकारी है। पित्त में सूखा आंवला, शक्कर व घी के साथ लाभकारी होता है। रक्तपित, नेत्रों के तिमिर, मूत्रकच्छ, मूर्छा, रक्तप्रदर में शुक्रवृद्धि आदि में विभिन्न अनुपात व तरीकों से लेने से लाभ मिलता है।

6.प्रचलित नामः बेल

कुलः रूटेसी

वैज्ञानिक नामः एगल मारमेलॉस

उपयोगी भागः फल का गुदा, बेलगिरी, पत्र, छाल व मूल

उपयोगः यह कफवात रोगों में प्रयुक्त होता है। नेत्र रोगों में पत्तें का रस, डायरिया में पेचिस, रक्तातिसार, बवासीर में लाभकारी है। ताजे पके फल का गूदा बल बृद्धि के लिए भी प्रयोग होता है।

7.प्रचलित नामः नीम

कुलः मीलिएसी

वैज्ञानिक नामः एजाडिरेक्टा इंडिका

उपयोगी भागः सर्वांग

उपयोगः इसकी छाल का प्रयोग जुकाम, रक्तर्शकरा, ज्वर और वेदना, निंद्राजनक, केंसर नाषक व कीटाणुनाशक होती है। इसके पतों का प्रयोग खाज-खुजली, दाद, फफूंदी रोग व पंचांग का प्रयोग रक्तशोधन में किया जाता है। इसका तेल आमवात, कुष्ठरोग में लाभकारी होता है।

8. प्रचलित नामः शीकाकाई

कुलः मोईमोसेसी

वैज्ञानिक नामः अकेसिया कॉनसिना

उपयोगी भागः पत्ती, फल

उपयोगः जीर्ण कफ, श्वासावरोध, वमन, यकृत रोगों में, बालों में रूसी व जूँ से निदान हेतु, बिच्छू के विष का प्रभाव कम करने आदि में इसके फल व पत्तियों का प्रयोग किया जाता है।

9. प्रचलित नामः महुआ

कुलः सैपोटेंसी

वैज्ञानिक नामः मधुका इंडिका

उपयोगी भागः पुष्प, बीज, तेल

उपयोगः यह वातपित्त विकारों के लिए प्रयुक्त किया जाता है । इसके बीजों के तेल को वातव्याधियों, चर्म रोगों पर लगाया जाता है। नाड़ी व्याधी में सूखे फूल व रक्तपित्त में ताजे फूल प्रयोग किये जाते हैं । पुष्पों का क्वाथ शक्कर के साथ प्यास, पेचिस व खांसी दूर करता है।

10. प्रचलित नामः बबूल

कुलः माईमोसेसी

वैज्ञानिक नामः अकेसिया निलोटिका

उपयोग भागः पत्ती, फल, छाल, गोंद आदि

उपयोगः गोंद पौष्टिक होती है, अतिसार व मधुमेह में सूखने में इसका सेवन लाभकारी है। छाल का क्वाथ मुख व दंत रोगों में लाभकारी है। अतिसार में पत्तियों का रस भी लाभकारी होता है किसी भी घाव व रक्त स्त्राव में पत्री का रस लगाने में लाभ मिलता है।

11. प्रचलित नामः काला सिरिस

कुलः माइमोसेसी

वैज्ञानिक नामः अल्बीजिया लेबेक

उपयोग भागः छाल, पत्ती, फूल व बीज, जड़

उपयोगः बीज का चूर्ण कफ प्रथम रोगों में लाभकारी है। जड़ की छाल मसूडों, कुष्ट रोग के छालों पर प्रयोग किया जाता है। शाखा की छाल पीस कर भी इसी रोग में लाभकारी है। श्वासरोग में पुष्प का स्वरस लाभ देता है । यह विष का नाश करने वाली प्रधान औषधियों में से एक है।

12. प्रचलित नामः मीठी नीम

कुलः रूटेसी

वैज्ञानिक नामः मुराया कोनिंगाई

उपयोग भागः पूरा पौधा, जड़ की छाल

उपयोगः यह बहुउपयोगी पौधा अतिसार प्रवाहिका, अर्श में लाभकारी, त्वचा पर फोड़े-नील, सर्पदंश तक में लाभकारी पाया जाता है।

पत्ती में कृमि, वेदनाहार, वमन शामक गुण पाये जाते है । विषकारी जंतु के काटने पर जड़ की छाल को पीस कर लेप करने पर व पत्ती का रस पीने से फायदा होता है । इसकी पत्ती अच्छी पाचक होती है।

13. प्रचलित नामः बायविडंग

कुलः मिर्सिनेसी

वैज्ञानिक नामः एम्बेलिया जेरियम कॉटम

उपयोग भागः फल, पत्ती

उपयोगः पत्तियों को पीसकर खाज-खुजली पर प्रयोग किया जाता है । यह फीतकृमिनाषक, चर्मरोग, अग्निमाद्य होती है।

14. प्रचलित नामः दुधी व कुटज

कुलः एपोसाईनेसी

वैज्ञानिक नामः राईटिया टिंक्टोरिया

उपयोग भागः मूल, मूल छाल, पत्ती, पुष्प, फल, बीज का तेल आदि।

उपयोगः बीज, रक्त प्रवाहिका, अतिसार, ज्वर, पाचन संस्थान के विकार में लाभकारी होता है। दंतशूल में इसकी पत्तियों को पीसकर प्रयोग किया जा सकता है । रक्त पित्त, पित्तातिसार शिशुओं के अतिसार को नष्ट करता है।

15. प्रचलित नामः अपामार्ग, चिरचिटा, लटजीरा

कुलः अमैरेन्थेसी

वैज्ञानिक नामः अकाइरैन्थस ऐस्पेरा

उपयोगी भागः पंचांग

उपयोगः यह कफवात रोगों में प्रयोग किया जाता है, जबकि पैतिक विकारों में इसका स्वरस शोथ व दर्दयुक्त स्थानों में इसके बीजों का लेप नेत्र रोगों में इसकी जड़ को शहद में पीस कर बाह्य रूप में प्रयोग किया जाता है। चर्म रोगें में इसकी जड़ का लेप लगाया जाता है । पथरी में इसके पांचाग का रस प्रयोग किया जाता है।

16. प्रचलित नामः अपराजिता

कुलः फैबेसी

वैज्ञानिक नामः क्लाईटोरिया टरनेशिया

उपयोगी भागः मूल व बीज

उपयोगः यह कुष्ठ रोग, मूत्र रोग कर्ण व नेत्र रोगों में प्रयुक्त किया जाता है । इसके बीजों का चूर्ण जलोदर, गर्भपात व जीर्ण कास रोगें में भी प्रयुक्त होता है। यह त्रिदोष जन्य रोगों में सर्व शरीर पर विशेषकर प्लीहा, यकृत व मस्तिष्क पर प्रभावी है।

17. प्रचलित नामः मण्डूकपर्णी

कुलः अम्बेलीफेरी

वैज्ञानिक नामः सेन्टेला एसियाटिका

उपयोगी भागः पांचांग

उपयोगः यह कफवात व पित का शमन करती है । यह बुद्धिवर्धक व मूत्रक है । चर्म रोगों में उपयोगी व रक्तावाहिनी का संचार नियमित करती है व सामान्य दुर्बलता में भी प्रयोग किया जाता है।

18. प्रचलित नामः गुड़मार, मधुनाषिनी

कुलः ऐस्किलोपिडियेसी

वैज्ञानिक नामः जिमनेमा सिल्वेस्टर

उपयोगी भागः पत्र व मूल, बीज

उपयोगः इसका विशेष रूप मे मधुमेह व इक्षुमेह आदि रोगों के लिए प्रयुक्त किया जाता है । यह यकृत उत्तेजक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है । इसके बीज का चूर्ण श्वास रोग में लाभकारी होता है । मूल का क्वाथ सर्पविष को दूर करने में प्रयोग किये जाते है।

19. प्रचलित नामः अनंतमूल

कुलः एसक्लिपियडेसी

वैज्ञानिक नामः हेमिडेस्मस इंडिकस

उपयोगी भागः मूल

उपयोगः यह टॉनिक, खून साफ करने, पसीना व मूल बढ़ाने के प्रयोग में लाई जाती है।

20. प्रचलित नामः गिलोय

कुलः मेनिर्स्पमेसी

वैज्ञानिक नामः टीनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया

उपयोगी भागः तना

उपयोगः गिलोय का तना त्रिदोष नाषक है । इसके सत्व का उपयोग, खांसी, कफ, श्वासरोग, सिरदर्द, ज्वर, जीर्णज्वर, बालज्वर, प्रसूति, मलेरिया, टायफाइड, नेत्ररोग, जोड़ो का दर्द,

अम्लपित्त, पांडु, क्षयरोग, पीलाया, रक्तविकार, मधुमेह आदि में किया जाता है । क्षयरोग में यह जीवाणु वृद्धि रोकता है । यह डायबिटीज़ में इंसुलिन की उत्तति रोकती है व रक्त में शर्करा कम करती है ।

21. प्रचलित नामः वज्रदंती

कुलः अकैन्थेसी

वैज्ञानिक नामः बारलेरिया प्रायनिटिस

उपयोगी भागः पत्तियाँ, बीज, फल

उपयोगः बालों की शोभा तथा केशवृद्धि के लिए उपयोग किया जाता है । सूजन पर इसके लेप से लाभ मिलता है । वज्रदंती के पत्तों के रस से दांतों की मालिश से दर्द दूर होता है । इसके तेल से गंजापन दूर होता है । खाज-खुजली में भी इसका प्रयोग किया जाता है ।

22. प्रचलित नामः माल कांगनी

कुलः सिलेस्ट्रेसी

वैज्ञानिक नामः सिलेस्ट्रस पेनीकुलेटा

उपयोगी भागः पत्तियाँ, बीज, फल

उपयोगः पत्तियों का रस अधीम विषाक्ता में प्रतिकारक के रूप में प्रयोग किया जाता है । इसकी छाल, गर्भस्वाक है । इसके बीज रेचक, वामक तथा बल्य होते हैं । ये आमवात, गठिया, माईग्रेन, पक्षाघात, मनोवसाद में भी उपयोगी है ।

23. प्रचलित नामः जंगली प्याज

कुलः लिलिएसी

वैज्ञानिक नामः अरर्जिनिया इंडिका

उपयोगी भागः बल्ब

उपयोगः इसके बल्ब में एक ग्लूकोसाईड पाया जाता हैं जिसे रेचक, भ्रणवर्द्धक, हृदय उत्तेजक संबंधी उपचार में प्रयोग किया जाता है ।

24. प्रचलित नामः वच

कुलः एरेसी

वैज्ञानिक नामः अकोरस केलैमस

उपयोगी भागः मूल

उपयोगः कफवात रोगों में इसका प्रयोग किया जाता है । ब्राह्य रूप में इसका लेप संधिवात, आमवात, पक्षाघात में करते हैं । उन्माद, अपस्मार व मानस रोगों में इसका प्रयोग होता है । जुकाम, कण्डषोय व स्वर भेद में इसका एक टुकड़ा मुंह में रख कर चूसने में लाभ मिलता है। सन्निपात ज्वर, बालकों के दाँत निकलते समय

ज्वर, हकलाने व छोटी उम्र के बच्चों की वाकशक्ति बढ़ाने के लिए वच काम आता है।

25. प्रचलित नामः गोखरू

कुलः जाईगोफाईलेसी

वैज्ञानिक नामः ट्रिब्युलस टैरेस्ट्रिस

उपयोगी भागः मूल, बीज

उपयोगः मुख्यतः इसका उपयोग मूत्र रोगों तथा वृक्क के संक्रमण टूट-टूट कर निकल जाती है

26. प्रजलित नामः अडूसा

कुलः अकेन्थेसी

वैज्ञानिक नामः अडाटोडा वसिका

उपयोग भागः संपूर्ण पौधा, पत्ती, फूल, जड़ की छाल।

उपयोगः कफ विकारों में इसकी पत्तियों का प्रयोग किया जाता है। मलेरियाम रक्तपित्त व खासी के रोगों में पत्तियों के स्वरस से लाभ होता है। कृमिरोग, चर्मरोग, वमन, ज्वर, जुकाम आदि में भी पत्रों का रस लाभकारी होता है।

27. प्रचलित नामः हरसिंगार

कुलः निक्टेंथेसी

वैज्ञानिक नामः निक्टेंथस आरबौर ट्रिसट्रिस

उपयोग भागः जड़ पत्ती, बीज

उपयोगः इसका उपयोग बवासीर, साइटिका सूखी खाँसी, बात ज्वर रेचक तथा जैसे रोगों में किया जाता है।

28. प्रचलित नामः कडु चिरायता, कालमेघ

कुलः अकेन्थेसी

वैज्ञानिक नामः एन्ड्रोग्राफिस पेनिकुलेटा

उपयोग भागः पांचांग

उपयोगः यह यकृत वृद्धि, विषम ज्वर, चर्म रोग, रक्त शोधन, आमवात उदरशूल, अजीर्णता व कृमि रोग में लाभकारी पाया गया है। मलेरिया व किसी भी प्रकार के ज्वर में पत्ती का रस व काली मिर्च से लाभ मिलता है।

29. प्रचलित नामः चित्रक

कुलः प्लम्बैजिनेसी

वैज्ञानिक नामः प्लम्बैगो जेलिनिका

उपयोग भागः मूल, मूल की छाल तथा पत्र

उपयोगः यह कुपच, ज्वर, कुष्टरोग, अतिसार, हृदयोतेजक, यकृत, संरक्षक, कृमिराग में लाभकारी होता है। आमवात, संधिशूल में इसके

मूल में तेल की मालिश लाभकारी होती है । नीली प्रजाति सबसे उत्तम मानी गई हैं मूल का चूर्ण दीर्घायु, बल, चर्मरोग आदि में लाभकारी होता है।

30. प्रचलित नामः चरोटा

कुलः लेग्यूमिनोसी

वैज्ञानिक नामः केशिया टोरा

उपयोग भागः बीज व पत्र

उपयोगः चर्मरोग, कुष्टरोग, अर्श ददु में लाभकारी, श्वासरोग, कास, कृमियों की नाशक, रक्त शुद्धि में इसके बीज प्रयोग किये जाते है । बीज में दाद व छाजन में भी उपयोग होते है । पत्रों का क्वाथ बच्चों के दांत निकलते समय फोड़ो आदि में लाभकारी होता है।

एक अनुमान के अनुसार विश्व की 80 प्रतिशत आबादी अपने स्वास्थ्य के लिए औषधीय पौध और पशुओं पर आश्रित है । ऐसे पौधों की मांग औद्योगीकृत दुनिया में बढ़ती जा रही है जहां लोग अधिक से अधिक प्राकृतिक स्वास्थ्य उपचार का सहारा लेने लगे हैं । वर्तमान अनुमान है कि चीनी 22, 000 करोड़ रुपए मूल्य का पौध आधारित औषधीय उत्पाद का निर्यात करता है और भारत का निर्यात कारोबार केवल 462 करोड़ रुपए का है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार औषधीय वनस्पति और वनस्पति उत्पाद का वैश्विक बाजार 2050 तक 5 ट्रिलीयन अमरीकी डालर तक पहुँचने का अनुमान है । यह क्षेत्र में बहुत अधिक क्षमता और मांग को दर्शाता है।

भारत में 10, 000 से भी अधिक औषधीय पौधों की समृद्ध धरोहर है जिनमें से 1800 औषधीय पौधों का उपयोग आयुर्वेद में 4700 पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय में, 1100 सिद्ध औषधीय प्रणाली, 750 यूनानी, 300 होम्योपैथी में, 300 चीनी औषध प्रणाली में और अंतत: 100 एलोपैथी प्रणाली में प्रयुक्त होते हैं । इस प्रकार से पौधों के स्रोतों की तुलना में आंकड़े कम हैं लगभग 3.6 लाख पौध प्रजातियों का पृथ्वी पर फैले होने का अनुमान है, जिनमें से 40 प्रतिशत भारत में उपलब्ध हैं।

औषधीय पौधों का वितरण विविध प्राकृतिक वास स्थानों पर है । भारत में लगभग 70 प्रतिशत औषधीय पौध प्रजातियां, पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट, विन्ध्याचल, छोटानागपुर का पठार, अरावली, हिमालय की तराई में क्षेत्र और उत्तर पूर्व में फैले उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाते हैं।

अकाष्ठ वन उत्पाद: गोंद

डॉ. ममता पुरोहित

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर -482 021 (म.प्र.)

गोंद एक महत्वपूर्ण अकाष्ठ वन उत्पाद है जिसका उपयोग मनुष्य सदियों पूर्व से कर रहा है । प्राचीन समय में खाद्य और दीवालों की सफेदी में काम आने वाली गोंद आज विभिन्न प्रकार के उद्योगों जैसे फार्मास्यूटिकल, कनफेक्शनरी,

टेक्सटाइल्स, पेन्ट एवं वार्निश, डाई, रंगाई, स्याही एवं प्रिंटिंग, स्नेहक आदि का आवश्यक घटक है । इन उद्योगों के लिए गोंद का एकत्रीकरण, ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय का रोजगार उपलब्ध कराता है । भारत में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, बिहार, गुजरात, राजस्थान आदि राज्यों में गोंद स्त्रावित करने वाली अनेकों प्रजातियाँ पायी जाती है।

गोंद का बनना एवं रिसाव

वृक्षों में सामान्य चयापचयी क्रियाओं के दौरान बनने वाली गोंद तने की छाल में उपस्थित छिद्रों/दरारों से प्राकृतिक रूप से रिसती रहती है । इसका रिसाव जड़ और पत्तियों से भी होता है। तने पर चीरा लगाने या कवक और बैक्टीरिया द्वारा वृक्षों पर आक्रमण करने से भी गोंद रिसने लगती है । पादप उत्तकों मुख्यतया सेल्यूलोज के विघटन से बनती है तथा गोंद बनने की प्रक्रिया को गमोसिस कहते हैं।

गोंद की संरचना

गोंद कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन, खनिज पदार्थ तथा कभी-कभी नाइट्रोजन एवं टेनिन की सूक्ष्म मात्रा से बने पोलीसेकराइड्स या पोलीसेकराइड्स के व्युतपन्न है।

गोंद के मुख्य गुण

गोंद के निम्नलिखित मुख्य गुण है:

1. गोंद गंधहीन, स्वादहीन, रंगहीन या सफेद, पीली, लाल, कत्थई, काली या भूरे आदि रंगों की होती है परन्तु कुछ वृक्ष प्रजातियों से प्राप्त गोंद मीठी, कसैली या कड़वी होती है।
2. गोंद पानी में घुलकर चिपचिपा एवं चिपकने वाला घोल बनाती है या पानी सोखकर मुलायम एवं फूल जाती है।
3. गोंद ऐल्कोहल एवं अन्य कार्बनिक घोलकों में अघुलनशील होती है।
4. गर्म करने पर यह बिना पिघले पूर्णतः अपघटित हो जाती है या झुलस जाती है।
5. गोंद तरल रूप में रिसती है परन्तु हवा के सम्पर्क में आते ही सूखकर अर्धपारदर्शी रचनाओं (टीअर्स) या परतों में जम जाती है।

गोंद के अन्य गुण

गोंद के निम्नलिखित अन्य गुण है:

1. ताजी गोंद चिकनी होती है जो शीघ्र ही खुरदरी या दरारयुक्त हो जाती है।
2. अच्छी तरह सूखने पर गोंद को टुकड़ों में तोड़ सकते हैं या चूर्ण बना सकते हैं।

3. लंबे समय तक पेड़ों पर चिपकी रहने से इसका रंग गहरा हो जाता है, बारिश के पानी से गोंद के रंग में परिवर्तन शायद कुछ तत्वों के निकल जाने से होता है। जंगल में लगी आग भी गोंद के रंग को गहरा कर देती है।
4. अलग-अलग मौसम में एक ही वृक्ष से प्राप्त गोंद में ध्यान देने योग्य भिन्नता होती है।

गोंद का वर्गीकरण

रंग एवं घुलनशीलता के आधार पर गोंद निम्नलिखित प्रकार की होती है-

रंग के आधार पर

रंग के आधार पर गोंद को चार वर्गों में बांटा गया है:

1. पारदर्शी सफेद गोंद
2. नारंगी गोंद
3. काली गोंद
4. मिश्रित गोंद

घुलनशीलता के आधार पर

घुलनशीलता के आधार पर गोंद तीन प्रकार की होती है:

1. **घुलनशील गोंद:** यह पानी में घुलकर लगभग पारदर्शी, चिपचिपा एवं चिपकने वाला घोल बनाती है। उदा. बबूल (एकेशिया *निलोटिका),* केंथा (*फेरोनिआ लिमोनिआ)* आदि से प्राप्त गोंद।
2. **अघुलनशील गोंद:** इस वर्ग में आने वाली गोंद पानी सोखकर मुलायम हो जाती है तथा जैली सदृश्य, अर्धपारदर्शी, गाढ़ा घोल बनाती है। बहेड़ा (टरमीनेलिया *बेलेरिका),* कन्दला (बाहुनिआ *रिट्यूसा)* आदि से प्राप्त गोंद।
3. **मध्यवर्ती गोंद:** इस प्रकार की गोंद के गुण उपरोक्त दोनों प्रकार की गोंद के मध्य के होते हैं। उदा. धवा (एनोगिसस *लेटीफोलिआ),* काजू *(एनाकारडियम आक्सीडेन्टेल)* आदि से प्राप्त गोंद।

गोंद का उपयोग

गुणवत्ता के आधार पर उच्च, मध्यम व निम्न श्रेणी की गोंद के उपयोग निम्नानुसार है:

उच्च श्रेणी की गोंद

1. कृत्रिम सिल्क, रेयान और ऊनी कपड़े की साज-सज्जा में।
2. वाटर कलर बनाने में।
3. मदिरा के शुद्धिकरण में।

मध्यम श्रेणी की गोंद

1. मिष्ठान्न, आइसक्रीम, जैली, आचार, चटनी बनाने में।
2. फार्मास्यूटिकल उद्योग में डीमलसेन्ट और बाइन्डिंग एजेन्ट के रूप में सीरप, लोशन, क्रीम, चूसने की गोली, आइन्टमेन्ट एवं अन्य दवाइयाँ बनाने में।
3. केथेटर और सर्जीकल इन्स्ट्रूमेंट के स्नेहक के रूप में।
4. ग्लिसरीनयुक्त साबुन, बाल घुंघराले करने के पाऊडर और आँख के सौन्दर्य प्रसाधन बनाने में।
5. टेक्सटाइल फेब्रिक्स की सीजिंग और फिनिशिंग में।
6. प्रिंटिंग इंक बनाने में।
7. डाय और रंगाई में।
8. लिथाग्राफी में।

निम्न श्रेणी के गोंद

1. केलिको प्रिंटिंग में।
2. पेपर सीजिंग में।
3. वार्निश एवं पेंट इन्डस्ट्री में।
4. एडहेसिव के रूप में।
5. लिफाफा, लेब्ल्स, पोस्टेज स्टेम्प बनाने

में।

6. दीवालों की सफेदी करने में।

7. धूपबत्ती बनाने में।

गोंद प्रदान करने वाले वानस्पतिक कुल

पादप जगत के बहुत से कुलों जैसे अनाकारडिएसी, काम्बरिटेसी, मीलिएसी, रोसेसी एवं रूटेसी आदि में गोंद स्त्रावित करने वाली प्रजातियाँ पायी जाती हैं परन्तु लेग्युमिनोसी एवं स्टरकूलिएसी गोंद प्रदाय करने वाले प्रमुख कुल हैं।

गोंद स्त्रावित करने वाली अन्य प्रजातियाँ

एलबीजिआ लिबेक (सिरस), *एलबीजिआ* ओडोरोटिस्सीमा *(काला* सिरस),एलबीजिआ प्रोसेरा *(सफेद* सिरस), *एलबीजिआ* स्टीप्यूलेटा (सिरन),बाहुनिआ *परपूरिआ (लाल* कचनार), *बाहुनिआ रेसीमोसा* (आस्ता), *बाहुनिआ वेरीगेटा (सफेद* कचनार), *टेमेरिन्डस इंडिका (इमली*), *अजेडिरेक्टा इंडिका (नीम*),मीलिआ *एजेडिरेक* (बकायन), क्लोरोजायलान स्वीटेनिया (भिर्रा), *फेरोनिआ लिमोनिआ (केंथा),* इलियोडेन्ड्रान ग्लाकम (धबरी), मेन्जीफेरा इंडिका (आम), स्पोनडिअस पिन्नाटा (अम्बरा), *बुकनेनिआ लंजन (अचार), मिलियूसा टोमेन्टोसा* (करई), *सेमीकारपस एनाकारडियम* (भिलमा), *एनाकारडियम आक्सीडेन्टेल (काजू*), *इगिल मारमिलास (बेल),* बाम्वेक्स सीबा (सेमल), सीबा पेनटेन्ड्रा (कपोक), *टरमीनेलिआ बेलेरिका (बहेरा), टरमीनेलिआ चिबुला (हर्रा), टरमीनेलिआ टोमेन्टोसा (साजा),लेगस्ट्रोमिआ पारवीफ्लोरा (लेंडिया),* वुडफोरडिया फ्रटीकोजा (धवई), केसीन ग्लोका (जमरासी), बोसबेलिया सिररेटा (सलई), एइलेन्थस एक्सेल्सा (महानीम), शोरिया रोबस्टा (साल), यूकेलिप्टस कमालडूलेनसिस (नीलगिरी), यूकेलिप्टस टेरटिकोरनिस (नीलगिरी) आदि गोंद प्रदान करने वाली अन्य प्रजातियाँ है।

टेपिंग (गोंद का एकत्रीकरण)

प्राकृतिक रूप से वृक्ष के तनों पर चिपकी गोंद ग्रामीण एवं आदिवासी मजदूर बिना किसी औजार की मदद के हाथ से आसानी से इकट्ठी कर लेते है। एक मजदूर एक दिन में एक किलो तक गोंद इकट्ठी कर लेता है। गर्मियों में रिसाव अधिक होने से गोंद प्रतिदिन एकत्रित की जाती है जबकि ठंड के मौसम में रिसाव कम हो जाने से प्रायः एकदिन छोड़कर गोंद इकट्ठी की जाती है। व्यापारिक स्तर पर गोंद एकत्रित करने के लिए तने में विभिन्न स्थानों पर धारदार हथियार से चीरा लगाकर गोंद एकत्रित की जाती है। इस विधि को टेपिंग कहते हैं।

गोंद एकत्रित करने के लिए प्रायः टेपिंग की एक ही विधि सभी वृक्ष प्रजातियों के लिए नहीं अपनाई जा सकती क्योंकि विभिन्न वृक्ष प्रजातियों में अलग-अलग प्रकार की गोंद पायी जाती है एवं गोंद के रिसाव में भी काफी भिन्नता होती है। सामान्यतः गोंद एकत्रित करने वाला व्यक्ति कुल्हाड़ी से वृक्ष के तने पर अनेको चीरा लगा देता है तथा स्त्रावित गोंद को खाली समय में इकट्ठी करता है। इस तरह अनियंत्रित चीरे लगाने से कभी-कभी पूरा वृक्ष ही सूख जाता है। अतः टेपिंग करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

वृक्ष का चयन

1. प्रायः वृक्ष की गोलाई (तने का घेरा) ब्रेस्ट हाइट पर 90 से. मी. होनी चाहिए।
2. चयनित वृक्षों को चिन्हित कर नम्बर डाल देना चाहिए।
3. मध्य आयुवर्ग के वृक्षों का चुनाव करना

चाहिए क्योंकि इन वृक्षों से अधिक गोंद निकलती है।

उचित समय

चूँकि गर्मियों के दिनों में गोंद का रिवास अधिक होता है, अतः अक्टूबर से जून के दौरान टेपिंग करना चाहिए। बारिश में टेपिंग करने से अधिकांश गोंद पानी में बह जाती है और बची हुई गोंद प्रायः गाढ़े रंग की हो जाती है।

टेपिंग करना

प्रारम्भ में वृक्ष पर धारदार हथियार से 6 इंच लम्बे, 4 इंच चौड़े तथा 1 या 1.5 इंच गहरे चीरे लगाना चाहिए। अधिक गहरे चीरे लगाने से घाव भरने में बहुत समय लगता है। चीरा मिट्टी की सतह से 4 इंच ऊपर लगाना चाहिए तथा एक चीरे से 20 इंच की दूरी पर दूसरा चीरा लगाना चाहिए। दो चीरों के मध्य लगभग एकसमान दूरी होना चाहिए। चीरे क्षैतिज होना चाहिए। चीरे की सतह चिकनी तथा रेशा रहित होना चाहिए जिससे गोंद में छाल न मिल सके। चीरा लगाने पर गोंद रिसने लगती है जिसे एक सप्ताह के अंतराल पर इकट्ठा करना चाहिए। वृक्ष में गोंद की नलियों में गोंद का जमाव न हो तथा पर्याप्त गोंद मिल सके इसके लिए गोंद इकट्ठा करते समय, समय-समय पर चीरों के ऊपरी हिस्से व अगल-बगल की सतह को छील देना चाहिए तथा विशेषरूप से यह ध्यान रखना चाहिये कि टेपिंग सीजन के अंत में चीरे की लम्बाई 19 इंच, चौड़ाई 25 इंच और गहराई 1.5 इंच से अधिक न हो पाये।

आने वाले वर्षों में चीरा लगाना

एक ही वृक्ष में लगातार टेपिंग करने के लिए तने को 3 भागों में विभक्त कर प्रत्येक वर्ष एक भाग में चीरा लगाना चाहिए। अगले वर्ष पहले भाग से 2 इंच स्थान छोड़कर चीरा लगाना चाहिए। नये तथा पुराने चीरे एक ही लम्बवत् रेखा में नहीं होना चाहिए। चौथे वर्ष चीरे, प्रथम वर्ष वाले भाग में लगाये जायेंगे परन्तु नये चीरे पुराने दो चीरों के बीच लगाये जायेंगे। सातवें वर्ष प्रथम वर्ष के चीरे पर ही चीरा लगा सकते हैं क्योंकि 6 वर्षों में घाव पूरी तरह भरकर सामान्य रूप से कार्य करने लगता है।

आवश्यक सावधानियाँ

वृक्षों को हानि न पहुँचे एवं कम समय में अधिक गोंद इकट्ठी हो इसके लिए आवश्यक है कि -

1. तने पर अनियंत्रित एवं सघन चीरा नहीं लगाना चाहिए।
2. सूखने के पूर्व वृक्षों से गोंद इकट्ठी नहीं करना चाहिए।

गोंद की साफ-सफाई एवं श्रेणी निर्धारण

बिक्री पूर्व एकत्रित गोंद को धूप में सुखाकर छाल, रेत, मिट्टी आदि अशुद्धियों को दूर कर गोंद के बड़े-बड़े ढेलों या टुकड़ों को लकड़ी की मुगरी से छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लेते हैं। तत्पश्चात् पारदर्शिता, रंग एवं टुकड़ों की माप के आधार पर गोंद की ग्रेडिंग या श्रेणी निर्धारण करते हैं। पारदर्शी या सफेद/पीले रंग के चूर्ण रहित और लगभग एक ही आकार के टुकड़ों वाली गोंद सर्वोत्तम मानी जाती है जैसे कुल्लु और करधई से प्राप्त होने वाली गोंद वृक्ष की प्रजाति और उद्योग विशेष में उपयोग के आधार पर भी गोंद की श्रेणी निर्धारित की जाती है।

भंडारण

अच्छी तरह सूखायी एवं साफ की गई गोंद को सूखे, साफ-स्वच्छ एवं नमीरोधी पात्रों जैसे- प्लास्टिक के डिब्बे, पोलीथीन की थैलियों या गेल्वेनाइज्ड शीट की टंकियों में भरकर साफ-सुथरे तथा चूहा एवं सीलन रहित गोदामें में रखना चाहिए।

गोंद का व्यापारिक मूल्यांकन

रंग, चिपचिपापन तथा पानी में घुलनशीलता के आधार पर गोंद का व्यापारिक मूल्य निर्धारित किया जाता है जैसे पारदर्शी गोंद की कीमत नारंगी, काली या मिश्रित गोंद से अधिक होती है ।उद्योग विशेष में उपयोग के आधार पर भी गोंद की कीमत निर्भर करती है जैसे- कनफेक्शनरी तथा फार्मास्यूटिकल उद्योग में उपयोग की जाने वाली गोंद की गुणवत्ता और स्वाद पर विशेष ध्यान देने से गोंद का अधिक मूल्य प्राप्त होता है।

विपणन

ग्रामीण एवं आदिवासी मजदूरों द्वारा एकत्रित गोंद, छाल, मिट्टी रेत आदि मिली होने के कारण अशुद्ध होती है जो आस-पास के हाट-बाजारों में स्थानीय व्यापारियों द्वारा बहुत ही कम दाम में खरीद कर साफ-सफाई और ग्रेडिंग के पश्चात् बड़े व्यापारी को अधिक कीमत में बेच दी जाती है। अतः गरीब मजदूरों को अधिक लाभ दिलाने के लिए शासन को चाहिए:

1. मजदूरों को टेपिंग का प्रशिक्षण दिया जाए।
2. ग्रेडिंग की जानकारी दी जाए।
3. गोंद खरीदने के लिए सरकारी क्रय-केन्द्र बनाये जायें।

गोंद की दिन-प्रति-दिन बढ़ती मांग और कीमत के कारण हुई अनियंत्रित सघन टेपिंग से गोंद का उत्पादन तो बढ़ गया पर वृक्षों के सूखने से जंगल घटने लगे। लगातार कम होते वनों के कारण ही राज्य शासन को गोंद की टेपिंग पर रोक लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा । अतः शासन की मदद कि लिए गोंद एकत्रित करने वाले मजदूरों और उद्योग मालिको का यह नैतिक कर्तव्य होना चाहिए कि वे केवल गोंद के एकत्रिकरण और क्रय-विक्रय पर ही ध्यान न दें बल्कि वृक्षों की सुरक्षा और संरक्षण का प्रयास भी करें।

Know your biodiversity

Swaran Lata and Pradeep Bhardwaj
Himalayan Forest Research Institute (HFRI)
Shimla (Himachal Pradesh)

Dactylorhiza hatagirea

Dactylorhiza hatagirea belongs to highly evolved and diverse family of flowering plants Orchidaceae. It is commonly known as Panja, Salam panja or Hatta haddi. Tubers are slightly flattened palmate divided into 2-4 fingers like hence known as Panja. It is commonly found in grassy meadows, shrubberies, open slopes, marshes and rare in alpine meadows. It is native to Himalayas and found in Pakistan to SE Tibet and Kashmir to Nepal up to 2000-4000 m altitude.

It is erect, glabrous, terrestrial, 20-90 cm high robust, annual herb. Stem erect, hollow, fistula, leafy. Leaves oblong or oblong lanceolate, obtuse, base sheathing. Flowers pink or purple, in many flowered, dense, cylindrical, terminal spikes. Sepals and petals 3+3, equal, three together in a hood. Stamens united above to form a column. Ovary inferior. Flowering and fruiting period is July –October.

Salam panja is known for its medicinal properties and plant part used is tubers. Tubers contain glycosides, starch, mucilage, albumin, volatile oil and ash containing potassium and lime as main constituents. Roots are used as farinaceous food, nerving tonic and aphrodisiac. Mucilage jelly is nutritious and used in diarrhea, dysentery and chronic fevers and paralytic affections. The decoction is given in colic pain and root powder is used to relieve fever and urinary troubles. The powdered root along with milk is taken for spermatorrhoea. Paste prepared from fresh rhizome is applied on wounds twice a day for healing purpose. In Unani system of medicine it is used in seminal debility, diarrhea and general weakness in debilitated women after delivery.

It is critically endangered (CAMP status) critically rare (IUCN status) and listed under appendix II of CITES. It is highly threatened species of western Himalayas because of loss of habitat and indiscriminate collection of rhizomes from natural population for preparation of medicine. Tuberous rhizomes are commercially collected and highly traded with trade name *Salampanja* or *Salep*.

It is slow growing and poor regenerating species because of pollinator specificity and

requirement of mycorrhizal association. Cultivation through seed is very difficult because of its minute seed and low viability. Cultivation is possible only through splits and division of tuber having stem portions with bud. Hence in situ and ex situ conservation of this plant is very necessary to control its further decline.

Pycnonotus leucogenys

Pycnonotus leucogenys is widespread and very common bird. It is commonly known as Himalayan Bulbul or White cheeked Bulbul. It belongs to order Passeriforme and family Pycnonotidae. It is found in India, Afghanistan, Bhutan, Nepal, Pakistan, Iran and Tajakistan. In India it is found in North West regions and adjoining parts. It is national bird of Bahrain.

It is grayish brown in appearance with white cheeks and black hood. Himalayan variety has crest on its head but in the plains crest is absent. Head and throat is black with white blaze below eye, over cheeks and on the sides of neck. Eyes are red brown with narrow yellow eye ring. Under tail is bright yellow. Upper parts are dull grey with darker flight feathers and under parts are pale grey –buff.

It is generally seen in pairs. Both male and female are similar in appearance. Juveniles are dull in appearance as compared to adults. It generally lives in subtropical areas up to 2400 meters altitude.

It is bold and familiar bird often found near human settlement. It breeds in April-July. Female lays 2-5 eggs and incubation period is 12 days. It generally feeds on insects, fruits, seeds, buds and nectar. Nests are seen in bushes and lower tree branches. Nest is cup shaped made of twigs, leaves and roots. Both the sexes take part in nest building. In some regions it is considered as crop pest because it damages crops and fruits.

Global population of this bird species is not quantified but as per the red data book of IUCN (Birdlife International, 2012) it is given status of least concern because of its wide distribution. Population of Himalayan bulbul is decreasing because of increase in number of its predators (common crows, domestic cats) and also due to loss of their nesting habitats. Hence it is very necessary to protect nesting habitats to protect these environment indicators.

Tropical Forest Research Institute

Published by:

Tropical Forest Research Institute
P.O. RFRC, Mandla Road
Jabalpur – 482021 M.P. India
Phone: 91-761-2840484
Fax: 91-761-2840484
E-mail: vansangyan_tfri@icfre.org
Visit us at: http://tfri.icfre.org or http://tfri.icfre.gov.in